समर्थ | 25 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर व 81 मेडिकल कॉलेज, यूपी बना स्वास्थ्य सेवाओं का नया मॉडल

# विकसित भारत में यूपी की बड़ी भूमिका होगी : ब्रजेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज प्रदेश में 25 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 3500 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 200 से अधिक विशिष्ट अस्पताल तथा 81 मेडिकल कॉलेज कार्य कर रहे हैं। एंबुलेंस सेवा 102 व 108 का रेस्पॉन्स टाइम कम किया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की गति और दक्षता बढ़ी है।



विकसित यूपी कॉन्क्लेव में सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।

उन्होंने ये बातें होटल क्लार्क अवध में सोमवार को आयोजित विकसित यूपी कॉन्क्लेव में कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने पर निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं अब जिला अस्पतालों और सीएचसी पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि वर्ष 2047 तक प्रदेश की जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं।

## आर्थिक प्रगति का आधार स्वस्थ जनता : मयंकेश्वर

राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका निर्णायक रहेगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति का आधार स्वस्थ जनसंख्या है और इसी दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर सुधार कर रही है।